Regional Centre for Urban & Environmental Studies, Lucknow
(Ministry of Housing and Urban Affairs, Government of India)
क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ
(आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार)

URC/1572-1/24/2022-23
21-11-2022

डॉ0 राजीव नारायन
उप निदेशक

सेवा में,

अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत
खरखौदा, सीवालखास एवं हस्तिनापुर ,मेरठ, उ0प्र0।

विषयः क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र (आरसीयूईएस), लखनऊ द्वारा **''उत्तर प्रदेश राज्य सैप्टेज पॉलिसी एवं यूज्ड वाटर प्रबन्धन''** विषय पर दिनांक **25 नवम्बर, 2022 को प्रातः 10:00 बजे** एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि राज्य स्तर पर एक सैप्टेज प्रबन्धन नीति एवं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (SBM2.0) पर नगरीय निकायों द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार ने अपने शासनादेश संख्या–5158/नौ–5–2018–422सा/2018 दिनांक 16 दिसम्बर, 2019 के द्वारा उ0प्र0 सैप्टेज प्रबन्धन नीति के क्रियान्वयन हेतु हमारे केन्द्र (आरसीयूईएस, लखनऊ) को जनपद स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करने का निर्देश दिया है। यह कार्यशालाएं चूंकि ऑफलाइन मोड में होनी थी परन्तु कोविड–19 एवं राज्य में चुनाव के कारण आयोजित नहीं की जा सकीं। अब हमारा केन्द्र **मेरठ जनपद** की निकायों एवं पैरास्टेटल हेतु उक्त कार्यशाला दिनांक **25 नवम्बर, 2022** को आयोजित कर रही है।

उक्त के क्रम में दिनांक **25 नवम्बर, 2022 को प्रातः 10:00 बजे ''उत्तर प्रदेश राज्य सैप्टेज पॉलिसी एवं यूज्ड वाटर प्रबन्धन''** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन **'नगर निगम सभागार, मेरठ'** में किया गया है।

यह कार्यशाला सैप्टेज प्रबन्धन एवं स्वच्छ भारत मिशन, अर्बन 2.0 से जुडे अधिकारियों के लिए अत्यन्त उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि निकाय के सैप्टेज प्रबन्धन से जुडे निम्न अधिकारियों को कार्यशाला में प्रतिभाग हेतु नामित करने का कष्ट करें।

1. अधिशासी अधिकारी
2. अवर/सहायक अभियंता
3. एस0एफ0आई
4. एस0बी0एम0 से जुड़े दो अन्य अधिकारी

Office : Adjacent Registrar's Office, Lucknow University Campus, Lucknow, Uttar Pradesh-226007
Telefax : 0522-2740165, **Phone :** 0522-2740108
Email : directorrcueslko@gmail.com, **Website :** www.rcueslucknow.org

आपसे अनुरोध है कि नामित अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे कि वह प्रातः 09:45 बजे तक **'नगर निगम सभागार, मेरठ'** में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करा सकें।

कायक्रम के सम्बन्ध में अधिक जानकारी केन्द्र के प्रतिनिधि श्री अपूर्व प्रसाद मो0 नम्बर– 08126066770 द्वारा द्वारा प्राप्त की जा सकती है।

संलग्नकः प्रोग्राम कॉपी।

सादर,

भवदीय

(डॉ0 राजीव नारायन)

प्रतिलिपि–

1. मिशन निदेशक, (एस0बी0एम0), नगरी निकाय निदेशालय, गोमतीनगर, लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, गोमतीनगर, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, मेरठ, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सम्बनिधत निकायों को अपने स्तर से उक्त तिथि में आहूत कार्यशाला में प्रतिभाग हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. श्री अखिलेश गौतम, अधिशासी निदेशक, इंडियन डेवलपमेंट सेंटर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि मेरठ जनपद में समस्त सम्बन्धित निकायों एवं जिलाधिकारी कार्यालय से संपर्क स्थापित करते हुए कार्यशाला को सुचारू रूप से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 राजीव नारायन)

आपसे अनुरोध है कि नामित अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे कि वह प्रातः 09:45 बजे तक **'नगर निगम सभागार, मेरठ'** में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करा सकें।

कायक्रम के सम्बन्ध में अधिक जानकारी केन्द्र के प्रतिनिधि श्री अपूर्व प्रसाद मो0 नम्बर– 08126066770 द्वारा द्वारा प्राप्त की जा सकती है।

संलग्नकः प्रोग्रान कॉपी।

सादर,

भवदीय

(डॉ0 राजीव नारायन)

प्रतिलिपि–

1. मिशन निदेशक, (एस0बी0एम0), नगरी निकाय निदेशालय, गोमतीनगर, लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, गोमतीनगर, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, मेरठ, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सम्बनिधत निकायों को अपने स्तर से उक्त तिथि में आहूत कार्यशाला में प्रतिभाग हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. श्री अखिलेश गौतम, अधिशारी निदेशक, इंडियन डेवलपमेंट सेंटर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि मेरठ जनपद में समस्त सम्बन्धित निकायों एवं जिलाधिकारी कार्यालय से संपर्क स्थापित करते हुए कार्यशाला को सुचारू रूप से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

RNarayan

(डॉ0 राजीव नारायन)